THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI B P. MURYA) : (a) No, Sit, No proposal for minor irrigation schemes for 1974-75 has been received from the Rajasthan Governmtnt for Central assistance outside the State Plan.

(b) and (c) Do not arise

Land under Major medium and minor irrigation schemes in Rajasthan

4514. DR H P. SHARMA . Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state how much of the land in Rajasthan is covered by major, medium and minor irrigation schemes at present ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI B. P. MAURIYA) . The total land area in Rajasthan covered by major medium and minor irrigation scheme is Rs. 2 17 million hectares as per Land Utilisation Statistics for the year 1971-72, i e. the latest year for which it is available.

विश्वविद्यालय शिक्षा प्रणाली में सुधार

4515 श्री विभूति मिश्र · क्या शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री कालेजो मे माध्यमिक प्रशिक्षण प्रारम्भ करने के बारे मे 23 जुलाई, 1973 के अतारांकित प्रश्न संख्या 141 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या देश की वर्तमान हालत को देखते हुए विश्वविद्यालय को शिक्षा पद्धति मे सुधार करने, ताकि छात्रो को कृषि, उद्योगो, आवश्यक वस्तुओ की उत्पादिता जैसे विभिन्न सामाजिक क्षेत्रो में व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया जा सके, सम्बन्धी योजना को उस बीच अन्तिम रूप दिया गया है , और

(ख) यदि हां, तो इस बारे मे योजना की मुख्य बातें क्या हैं ?

शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री (प्रो० एस० नुरूल हसन) : (क) और (ख) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, शिक्षा को उत्पादकता तथा अनुसन्धान के साथ जोड़ने तथा विश्वविद्यालय स्तरीय पाठ्यक्रमो के एक भाग के रूप में कार्य अनुभव को शुरू करने को उच्च प्राथमिकता प्रदान करता है । इस प्रश्न की विस्तार से जांच करने के लिए आयोग का एक समिति गठित करने का प्रस्ताव है । पांचवी पंचवर्षीय योजना के दौरान, कार्यक्रम को कुछ चुने हुए विश्वविद्यालयों/संस्थाओ मे कार्यान्वित किया जाएगा, जो धन की उपलब्धता पर निर्भर करेगा ।

आयोग का यह भी विचार है कि विश्वविद्यालयीय पाठ्यक्रम को देश की जरूरतो के अनुरूप बनाने के लिए प्रयत्न करने होंगे और पाठ्यक्रमो की सामान्य रूपरेखा तथा संरचना करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति नियुक्त करने का निर्णय किया है ।

रबी उत्पादन मे कमी का पूरा करने के लिए वर्ष 1974 के दौरान 'गरमा' तथा 'भदई' फसल का बोना

4516. श्री विभूति मिश्र क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या वर्ष 1974 मे पिछले साल की अपेक्षा सारे देश मे रबी की फसल में कमी होने की सम्भावना है, और

(ख) यदि हां, तो कमी को दूर करने के लिये वर्ष 1974 मे अधिक से अधिक 'गरमा' और 'भदई' फसलें लगाने के लिये कौन सी योजनाएं बनाई जा रही हैं ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अण्णासाहिब पी० शिन्दे) : (क) रबी 1972-73 के दौरान खाद्यान्नो का उत्पादन 379 7 लाख मीटरी टन हुआ था और रबी 1973-74 के लिये 480 लाख मीटरी टन का लक्ष्य रखा गया था । इस वर्ष रबी का उत्पादन कई बातों पर निर्भर